AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना रकाबगंज जनपद आगरा। **दिनांक 23.07.2022**

थाना रकाबगंज पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म की घटना करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार...

दिनांक 19.07.2022 को वादिया द्वारा थाना रकाबगंज पर सूचना दी गयी कि मेरी माँ डॉ0 अम्बेडकर पार्क बिजली घर पर प्रातः घूमने के लिये जाती है, वहां पर उनकी मुलाकात अनीता से हुई। अनीता का घर आना–जाना हो गया। अनीता ने मेरी नौकरी लगवाने के लिये मेरी माँ से कहा। 06 जून 2018 को मैं व मेरी माँ अनीता के घर गये तो वहां पर अनीता, प्रेम सिंह, चन्देल और सावित्री मिले। उन्होंने कहा कि आठ लाख मे सहकारिता विभाग में नौकरी लगाने की कहा एवं अन्त में 06 लाख रू0 की कहने लगे।

दिनांक 07.06.2018 को मैं अपने पिता के साथ इनके घर गयी। उस दिन पहली बार प्रेम सिंह का मेरे पास फोन आया और नौकरी लगाने की कहने लगा तो मैंने मना कर दिया। प्रेमसिंह से मेरी बात होने लगी और मिलने लगे। सितम्बर, 2018 को प्रेम सिंह अधिकारियों से मुलाकात कराने के बहाने होटल में ले गया और मेरे साथ गलत काम किया। उसके बाद मुझे लगातार धमकाकर मुझे ब्लैकमेल करता रहा और मुझसे 2.5 लाख रू0 ले लिये। मुझे लगातार परेशान करता रहा, इससे क्षुब्द होकर मैंने मरने की भी कोशिश की किन्तु परिवारीजन ने इलाज कराकर बचा लिया। प्रेम सिंह मुझसे शादी का झांसा देकर मेरा शोषण करता रहा और अब मुझे धमकी देता है और मुझे धोखा देकर अन्य लड़की के साथ रहता है। इस सम्बन्ध में थाना रकाबगंज पर मु0अ0सं0 106/22 धारा 420/376/506 भादवि पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी सदर के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रकाबगंज को टीम गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में की जा रही गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्तगण का नाम :–

01. प्रेमसिंह पुत्र स्व0 बलबन्त सिंह नि0 नगला छउआ थाना शाहगंज जनपद आगरा हाल पता बिजलीघर के पास थाना रकाबगंज जनपद आगरा।

आपराधिक इतिहास का विवरण :–

01. मु0अ0सं0 106/2022 धारा 420/376/506 भादवि थाना रकाबगंज जनपद आगरा।

पुलिस टीम का विवरण :–

01. थानाध्यक्ष श्री राकेश कुमार थाना रकाबगंज जनपद आगरा।
02. उ0नि0 राजीव कुमार थाना रकाबगंज जनपद आगरा।
03. उ0नि0 अमित कुमार थाना रकाबगंज जनपद आगरा।
04. म0उ0नि0 हेमलता पाल थाना रकाबगंज जनपद आगरा।
05. का0 नीरज कुमार थाना रकाबगंज जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।